उदय प्रताप कालेज, वाराणसी

(स्वायत्तशासी संस्था)

दिनांकः 08.02.2025

सूचना

बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0काम0 षष्ठम सेमेस्टर, बी0एस–सी0 (ऑनर्स) कृषि षष्ठम एवं अष्टम सेमेस्टर, बी0एड0 एवं समस्त स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान किये जाने वाले स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण योजना का लाभ प्राप्त करने के लिय डिजीशक्ति पोर्टल पर ई.के.वाई.सी. (आधार प्रमाणीकरण) करना अनिवार्य हैं। **ई.के.वाई.सी. (आधार प्रमाणीकरण) न होने की स्थिति में इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।**

अतः सभी छात्र–छात्रायें शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप (www.digishakti.up.gov.in पर जाकर) अपना आधार प्रमाणीकरण अवश्य करा लें। कई बार कालेज द्वारा सूचना देने व ई.के.वाई.सी. कैम्प लगाने के बाद भी अधिकांश छात्र–छात्राओं द्वारा ई.के.वाई.सी. नहीं किया गया है। यदि **दिनांक 15.02.2025** तक आप द्वारा ई.के.वाई.सी. की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जाती है, तो आपको इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा और इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र–छात्रा की होगी। जिन छात्र–छात्राओं को ई.के.वाई.सी.(आधार प्रमाणीकरण) में असुविधा हो रही है वे दिनांक **11 फरवरी, 2025 को विज्ञान भवन के कक्ष संख्या–15** में **अपराह्न 02.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे** के बीच उपस्थित होकर अपना आधार प्रमाणीकरण अवश्य पूर्ण कर लें।

नोट :– **जिन विद्यार्थियों को पूर्व में इस योजना का लाभ मिल चुका है वे आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया न करें। इस योजना का दुबारा लाभ लेना संज्ञेय अपराध है।**

प्राचार्य